__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.
Date-                                  Class - IV
Subject - Hindi Language                    Page - 1
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

## 'पर्यायवाची शब्द'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'पर्यायवाची शब्द' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो ! यह पाठ आपको 18 जुलाई, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'पर्यायवाची पढ़ेंगे। इस लिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो ! अब मैं आपको 'पर्यायवाची शब्दों के बारे में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं आपको 'पर्यायवाची शब्द' समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

प्यारे बच्चो ! क्या आप अपने घर पर लगे पेड़ों को पानी देते हैं और उन पेड़ों पर फूल भी लगाते होंगे। जरा सोचो आप इस बात को और कैसे बोल सकते हो।

जैसे :- आप अपने घर पर लगे वृक्षों को जल या नीर देते होंगे और उन तरुओं पर पुष्प भी लगाते होंगे।

बच्चो ! अब ध्यानपूर्वक देखो एवं समझो कि

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date -  Class - IV
Subject - Hindi Language  Page - 2
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

इन वाक्यों में आपने पहले वाक्य में पेड़ को पानी दिया और दूसरे वाक्य में आपने वृक्ष को जल या नीर दिया।
पहले वाक्य में पेड़ पर फूल लगते हैं और दूसरे वाक्य में तरु पर पुष्प लगते हैं।
अब ध्यान से देखो एवं समझो कि दोनों वाक्यों में एक ही बात बताई जा रही है।
यहाँ पेड़ के लिए वृक्ष और तरु शब्दों का प्रयोग किया गया है। पानी के लिए जल या नीर शब्दों का प्रयोग किया गया है।
फूल के लिए पुष्प शब्द का प्रयोग किया गया है।
बच्चो! आपने देखा फिर भी वाक्यों के अर्थ में कोई अंतर नहीं है। इन्हें समानार्थी या पर्यायवाची शब्द कहते हैं।
इस प्रकार :-
एक समान अर्थ देने वाले शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहते हैं।
बच्चो! मैंने आपको 'पर्यायवाची' शब्दों के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लो और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।
प्रश्न - 1. पर्यायवाची शब्द किन्हें कहते हैं?
प्रश्न - 2. नीर का पर्यायवाची शब्द लिखें?
प्रश्न - 3. पर्यायवाची शब्दों को और क्या कहते हैं?

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-  Class - IV

Subject - Hindi Language  Page - 3

Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है, अब मैं आपको उन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी, जो मैंने आपसे पूछे थे।

उत्तर -1. एक समान अर्थ देने वाले शब्दों को पर्यायवाची कहते हैं।

उत्तर -2 जल

उत्तर - 3 समानार्थी शब्द

प्यारे बच्चो ! अब मैं आपको पर्यायवाची शब्द करवाऊँगी, जिन्हें आप ध्यानपूर्वक समझेंगे एवं अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

## पर्यायवाची शब्द

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वृक्ष | पेड़ , तरु |
| 2. | त्योहार | पर्व , उत्सव |
| 3. | मित्र | सखा , दोस्त |
| 4. | धरती | धरा , भूमि |
| 5. | रास्ता | राह , पथ |
| 6. | नभ | आकाश , गगन |
| 7. | जग | संसार , जगत |

Scanned with CamScanner

Date -                                        Class - IV
Subject - Hindi Language                      Page - 4
Subject Teacher - Ms Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 8. | पर्वत | पहाड़ , गिरि |
| 9. | सवेरा | सुबह , प्रात: |
| 10 | शीश | सिर , मुंड |
| 11. | सागर | समुद्र , जलधि |
| 12. | आँख | नयन , नेत्र |

बच्चो ! मैंने आपको 'पर्यायवाची शब्द' समझा दिए हैं । आशा है सभी विद्यार्थियों को यह अच्छे से समझ आ गए होंगे । अभिभावकों से भी मेरा अनुरोध है कि बच्चों को पर्यायवाची शब्द समझने में उनकी सहायता करें । अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी, जिसे सभी बच्चे अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर - पुस्तिका में लिखेंगे ।

**गृह कार्य :-**

- बच्चो ! आप ऊपर कराए गए सभी 12 'पर्यायवाची' शब्द अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे ।
- आप इन 'पर्यायवाची' शब्दों को याद भी करेंगे ।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner